दिनांक : 16.05.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री – नीदरलैंड दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री का राजा विलेम–अलेक्जेंडर तथा महारानी मैक्सिमा से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें भारत–यूरोप मुक्त व्यापार समझौते के बाद भारत–यूरोपीय संघ के व्यापक संबंधों को आकार देने की संभावना है। प्रधानमंत्री अपने प्रवास के दौरान भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और वहां के प्रमुख व्यापारिक नेताओं से बातचीत करेंगे।

सेना संवाद

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में सेना संवाद कार्यक्रम में पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसे आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ गतिविधियां चलाना बंद करनी होगी।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने नागरिकों से डेंगू की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। सोशल मीडिया संदेश में श्री नड्डा ने कहा कि सरकार बेहतर निगरानी, व्यापक परीक्षण, बेहतर उपचार सुविधाओं और व्यापक जागरूकता अभियानों के माध्यम से डेंगू नियंत्रण प्रयासों को मजबूत करना जारी रखे हुए है। प्रदेश के कटनी जिला चिकित्सालय सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जहां पर मरीजों के निशुल्क डेंगू और मलेरिया की जांच की जा रही है ।

राष्ट्रीय सेमिनार

जबलपुर में आज न्यायपालिका से जुड़ा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सेमिनार शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के 9 न्यायाधीश शामिल हो रहे हैं। 'फ्रेगमेंटेशन टू फ्यूजन एम्पॉवरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन' विषय पर आधारित इस सेमिनार में न्यायपालिका में टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंटीग्रेशन को लेकर चर्चा की जा रही है।

भोजशाला

धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के बाद आज सुबह श्रद्धालुओं और अलग–अलग समितियों के पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण माहौल में दर्शन और पूजा–अर्चना की। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने कल ऐतिहासिक फैसले में भोजशाला को राजा भोज के समय का वाग्देवी का मंदिर माना और हिंदू पक्ष को यहां पूजा का अधिकार दे दिया है।

शनि जयंती

राजधानी भोपाल समेत प्रदेशभर में आज शनि जयंती श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 13 साल बाद एक विशेष संयोग बना है, जहां शनि जयंती, शनिचरी अमावस्या और वट सावित्री व्रत एक ही दिन मनाए जा रहे हैं। इस महासंयोग के मौके पर शनि मंदिरों और पवित्र नदी घाटों पर तड़के से ही लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। आगरमालवा जिले में शनि जयंती पर शनि मंदिरों में भीड़ देखी जा रही है। सतना जिले के चित्रकूट में श्रद्धालु मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाकर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा लगा रहे है।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

मौसम विभाग ने आज के लिए राज्य के 37 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं इंदौर, उज्जैन और मंडला में रात में भी तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। भोपाल, ग्वालियर, रतलाम, धार और देवास सहित कई जिलों में तेज लू चलने की संभावना जताई गई है।

महिला क्रिकेट टीम

टी–20 विश्व कप से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने शनिवार सुबह उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित अन्य खिलाड़ियों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

संक्षिप्त समाचार

- **शिवपुरी सर्किल जेल के मुलाकाती क्षेत्र में लीगल एंड हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया है। जिसमे बंदियों और परिजनों को निःशुल्क विधिक सहायता मिलेगी।**
- **थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसी गंभीर अनुवांशिक रक्त विकारों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज रायसेन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**
- **सीबीएसई ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मुल्यांकन की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है।**